**भारत सरकार**
**ग्रामीण विकास मंत्रालय**
**ग्रामीण विकास विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2137**
**(20 दिसंबर, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए)**

## असम में पीएमजीएसवाई

**2137. श्री एम. बदरुद्दीन अजमल :**

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों यथा धुबरी , गोलपारा, दक्षिण सलमारा तथा मनकाचार में सड़कों के निर्माण के लिए आवंटित/उपयोग की गई निधि का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या असम राज्य सरकार ने अगले वर्ष प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत निर्मित की जाने वाली सड़कों की नई सूची भेजी है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

**उत्तर**
**ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(साध्वी निरंजन ज्योति)**

**(क):** प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के कार्यान्वयन के लिए राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों को निधियां उनसे प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर जारी की जाती हैं और ये निधियां उन राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों में चल रहे कार्यों , उनकी कार्यनिष्पादन क्षमता तथा उनके पास अव्ययीत निधियों पर भी निर्भर करती है। इसके अतिरिक्त राज्य सरकारें कार्यक्रम कार्यान्वयन एककों (पीआईयू) को निधियां उनकी उपयोग करने की क्षमता के अनुसार जारी करती हैं।

पीएमजीएसवाई के अंतर्गत जारी की गई निधियों का संसदीय निर्वाचन क्षेत्र-वार ब्यौरा मंत्रालय में नहीं रखा जाता है। राज्य द्वारा सूचित किया गया है कि धुबरी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में , जिसमें धुबरी (आंशिक रूप से) , गोलपारा (आंशिक रूप से) , दक्षिण सलमारा और मनकाचार

जिले शामिल हैं, पीएमजीएसवाई के अंतर्गत कार्यों के लिए ₹ 1276.03 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई और ₹ 1240.89 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। (15.12.2022 की स्थिति के अनुसार)

**(ख) और (ग):** पीएमजीएसवाई-III के अंतर्गत, असम राज्य को आबंटित 4325 कि.मी. लंबी सड़कों के लक्ष्य में से 3756 कि.मी. लंबी सड़कें स्वीकृत की जा चुकी हैं। फिलहाल अगले वर्ष के लिए पीएमजीएसवाई-III के अंतर्गत स्वीकृति के लिए राज्य सरकार का कोई प्रस्ताव नहीं है।

*******